# दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार

## प्लॉट सं.-5, झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-110005

## व्यावहारिक संस्कृत सम्भाषण एवं योग कार्यशाला हेतु प्रशिक्षकों की नियुक्ति सम्बन्धित दिशा-निर्देश

## वर्षः-2023-2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली के युवा वर्ग को संस्कृत से जोड़ने तथा दिल्ली में संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार एवं विकास को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए व्यावहारिक संस्कृत सम्भाषण एवं योग कार्यशालाओं का आयोजन निर्धारित दिनांक 22/05/2023 से दिनांक 07/06/2023 तक प्रतिदिन सोमवार से शनिवार प्रातः 08:00 बजे से 10:00 बजे तक किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं में अध्यापन कार्य के लिए इच्छुक संस्कृत एवं योग विषय के विद्वान/विशेषज्ञ अपने आवेदन पत्र को भरकर **दिनांक 12.05.2023 सायं 05.00 बजे तक** अकादमी कार्यालय में व्यक्तिगत, डाक अथवा ई.मेल द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। अधिक विस्तृत जानकारी के लिए अकादमी कार्यालय के दूरभाष संख्या–9968024121 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### दिशा निर्देश

(1) अकादमी की वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन पत्र को भरकर तथा समस्त शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाणपत्र सहित अन्तिम तिथि 12/05/2023 सायं 05:00 बजे तक अकादमी कार्यालय में स्पीड पोस्ट, कोरियर इत्यादि माध्यमों अथवा ई.मेल के माध्यम से प्राप्त हो जाना चाहिए। अकादमी कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(2) यदि कोई आवेदक व्यावहारिक संस्कृत सम्भाषण अथवा योग दोनों कार्यशाला हेतु आवेदन करता है तो उन्हें अलग–अलग आवदेन प्रेषित करना होगा।

(3) प्रशिक्षक का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष एवं ई.मेल के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

(4) इस कार्यशाला के साक्षात्कार में पूर्व में संस्कृत सम्भाषण अथवा योग विषय में प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों को वरीयता दी जायेगी।

(5) प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षिक को प्रतिदिन दो घण्टे की कक्षाओं में अध्यापन हेतु मानदेय स्वरूप रुपये 1500/– एवं मार्गव्यय स्वरूप रुपये 500/– का भुगतान किया जायेगा।

(6) कार्यशालाएँ दिल्ली के स्वीकृत विद्यालयों में आयोजित की जायेगी। अकादमी इन स्वीकृत किसी भी विद्यालय की कार्यशालाओं में अध्यापन हेतु चयनित प्रशिक्षक के रुप में 15 दिनों की कक्षाओं हेतु मनोनीत करेगी। 15 दिन के पश्चात् आपका मनोनयन स्वतः ही समाप्त माना जायेगा।

(7) अकादमी कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों पर अन्तिम निर्णय लेने का अधिकार सचिव/कार्यकारी समिति, दिल्ली संस्कृत अकादमी को होगा। जिस पर किसी भी आवेदक को आपत्ति नहीं होगी।

(8) सभी आवेदनों पर निर्णय लेने का अधिकार अधिकार दिल्ली संस्कृत अकादमी के पास सुरक्षित रहेगा।

**Web Site:-** https://sanskritacademy.delhi.gov.in/
**Facebook: -** www.facebook.com/delhisanskritacademy
**Email: -** studycenterdsa@gmail.com

ह॰/–
सचिव,
दिल्ली संस्कृत अकादमी

**दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार**

**प्लॉट सं.-5, झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-110005**

## *व्यावहारिक संस्कृत सम्भाषण/योग कार्यशालाओं हेतु प्रशिक्षक का आवेदन-पत्र*

**वर्ष:-2023-2024**

1. कार्यशाला का नाम (✓) :– *व्यावहारिक संस्कृत सम्भाषण* (   )

   *योग कार्यशाला* (   )

2. प्रशिक्षक का नाम :– ......................................................................................................

3. पिता/पति का नाम :– ..............................................................................................

4. जन्मतिथि :– .................................................................................................................................

5. वर्तमान आयु :– ...........................................................................................................................

6. राष्ट्रीयता :– ...................................................................................................................................

7. शैक्षणिक योग्यता :– ...................................................................................................................

8. वर्तमान निवास का पता :– ..........................................................................................................

   ........................................................................................................................................................

   ...................................................................................................पिन कोड :–.............................

9. दूरभाष :– .....................................................................................................................................

10. मोबाइल नं. :– ...........................................................................................................................

11. ई. मेल :– ...................................................................................................................................

12. व्यावहारिक संस्कृत सम्भाषण अथवा योग कार्यशाला का अनुभव यदि हो तो :– ..........................

**मैं घोषणा ...............................................................करता/करती हूँ कि इस आवेदन–पत्र में दिए गए समस्त विवरण पूर्ण, सत्य एवं सही है। मैंने इस आवेदन–पत्र के साथ अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता एवं कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र की स्वयं सत्यापित संलग्न कर दिए है। यदि भविष्य में किसी प्रकार की उपर्युक्त सूचना अथवा प्रमाण–पत्र गलत पाये जाते है तो इस आवेदन पत्र को अस्वीकार कर दिया जा सकता है। मुझे अकादमी द्वारा आयोजित इन कार्यशालाओं से सम्बन्धित सभी शर्ते स्वीकार है।**

स्थान :– ..................................

दिनांक :– ..............................

**(आवेदक के हस्ताक्षर)**